दैनिक खोजखबर
खबरों की सच्चाई से रू-ब-रू
E-mail : dainikkhojkhabar@gmail.com
E-Paper
website : www.dainikkhojkhabar.live

## दिल्ली में मां ने दो बेटों के साथ की आत्महत्या

### किराया नहीं चुका पाने की वजह से कोर्ट ने घर खाली करने का आदेश दिया था

**नई दिल्ली,एजेंसी।** दिल्ली के कालकाजी इलाके में शुक्रवार दोपहर एक घर में एक ही परिवार के 3 लोगों ने आर्थिक तंगी की वजह से आत्महत्या कर ली। स्थानीय कोर्ट ने उन्हें किराया का घर शुक्रवार तक खाली करने के लिए कहा था। पुलिस के मुताबिक परिवार पिछले कई महीनों से 25 हजार रुपए मासिक किराया नहीं चुका पा रहा था। इसी वजह से मकान मालिक ने उन्हें बेदखल करने के लिए अदालत का रुख किया था। अदालत ने परिवार को हर हाल में शुक्रवार तक घर खाली करने को कहा था।

पुलिस ने बताया कि सामूहिक आत्महत्या की वजह यह हो सकती है। मृतकों में अनुराधा कपूर (52) और उनके दो बेटे आशीष कपूर (32) और वैभव कपूर (27) शामिल है। पुलिस को मौके से सुसाइड नोट भी मिला है, जिसमें लिखा है कि परिवार आर्थिक तंगी से गुजर रहा है, इस कारण सामूहिक तौर पर यह कदम उठाया।

## रांची एयरपोर्ट पर इंडिगो विमान की इमरजेंसी लैंडिंग, रनवे से टकराया पिछला हिस्सा

**रांची ,एजेंसी।** रांची एयरपोर्ट पर शुक्रवार शाम इंडिगो एयरलाइंस के एक विमान के साथ लैंडिंग के दौरान हादसा हो गया। अधिकारियों के अनुसार, विमान का पिछली हिस्सा (टेल) रनवे से टकरा गया। हालांकि, विमान में सवार सभी यात्री सुरक्षित हैं और किसी को चोट नहीं आई है। यह घटना शुक्रवार शाम करीब 7-30 बजे हुई, जब भुवनेश्वर से रांची आ रही इंडिगो की फ्लाइट लैंड कर रही थी। विमान में उस समय करीब 70 यात्री सवार थे। मामले में रांची एयरपोर्ट के निदेशक विनोद कुमार ने बताया कि लैंडिंग के दौरान विमान का पिछला हिस्सा रनवे से छू गया, जिससे यात्रियों को एक तेज झटका महसूस हुआ।

## धमकियां सहने वाला नहीं, सख्त व्यक्ति हूं, जजों को धमकाने पर सीजेआई की चेतावनी

**नई दिल्ली,एजेंसी।** मुख्य न्यायाधीश (सीजेआई) जस्टिस सूर्यकांत ने चिंता जताई है कि न्यायाधीशों को मुकदमों की सुनवाई के दौरान की गई टिप्पणियों के कारण प्रतिकूल सार्वजनिक बयानों का सामना करना पड़ रहा है। न्यायाधीशों को धमकाने के खिलाफ चेतावनी देते हुए जस्टिस सूर्यकांत ने कहा कि यह सोचना गलत होगा कि अदालती कार्यवाही पर टिप्पणियों से उन पर दबाव डाला जा सकता है। वह धमकियों को सहन करने वाले नहीं, बल्कि बहुत सख्त व्यक्ति हैं।

# संसद हमले की 24वीं बरसी: पीएम मोदी-राहुल गांधी समेत कई नेताओं ने शहीदों को दी श्रद्धांजलि

### बलिदान को किया याद

**नई दिल्ली ,एजेंसी।** आज संसद हमले की 24वीं बरसी पर देश अपने वीर सपूतों को याद कर रहा है, जिन्होंने बिना अपनी जान की परवाह करते हुए आतंकियों के मंसूबे को नाकाम किया। इस अवसर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, उपराष्ट्रपति सीपी राधाकृष्णन, लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी, कांग्रेस संसदीय दल की अध्यक्ष सोनिया गांधी, केंद्रीय संसदीय मामलों के मंत्री किरेन रिजिजू और अन्य सांसदों और इस हमले में शहीद सुरक्षा कर्मियों को श्रद्धांजलि दीं और उनके बलिदान को याद किया। संसद हमले में कई सुरक्षा कर्मी शहीद हुए थे और देशभर में इस घटना को देश की सुरक्षा और शौर्य की याद के रूप में याद किया जाता है। शहीदों को श्रद्धांजलि देने के लिए आयोजित समारोह में सभी नेताओं ने फूल चढ़ाकर और श्रद्धांजलि देकर शहीद सुरक्षा कर्मियों के अदम्य साहस और बलिदान को सम्मानित किया। इस अवसर पर संसद परिसर में गणमान्य व्यक्तियों और सुरक्षा अधिकारियों की भी उपस्थिति रही और देशभर में शहीदों को याद कर उनके बलिदान को सलाम किया गया।

**पीएम मोदी ने शहीदों को दी श्रद्धांजलि** :इस अवसर पर पीएम नरेंद्र मोदी ने कहा कि आज के दिन हमारा देश 2001 में संसद पर हुए



भयानक हमले में अपने प्राण न्योछावर करने वाले शहीदों को याद करता है। इस संकटपूर्ण समय में उनके साहस, सतर्कता और कर्तव्यनिष्ठा सराहनीय थी। उन्होंने कहा कि भारत हमेशा उनके सर्वोच्च बलिदान के लिए आभारी रहेगा।

**राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने 2001 संसद हमले के शहीदों को दी श्रद्धांजलि:**इस अवसर पर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने शनिवार को 2001 में संसद पर हुए आतंकवादी हमले में अपनी जान गंवाने वाले साहसी नायकों को श्रद्धांजलि दी। उन्होंने कहा कि देश हमेशा उनके और उनके परिवारों का ऋणी रहेगा। राष्ट्रपति ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट में लिखा कि आज के दिन हम भारत की आतंकवाद के सभी रूपों से लड़ने की प्रतिबद्धता को दोबारा दृढ़ करते हैं।

राष्ट्रपति ने कहा कि देश उन साहसी नायकों को सलाम करता है जिन्होंने 2001 में संसद की रक्षा करते हुए अपने प्राण न्योछावर किए। उनका साहस और कर्तव्यनिष्ठा हमारी राष्ट्रीय भावना को आज भी मार्गदर्शित करती है। देश हमेशा उनके और उनके परिवारों का ऋणी रहेगा।

**शहीद सुरक्षा कर्मी के परिवार ने कहा-हमें गर्व है** :2001 के संसद हमले की बरसी पर शहीद सुरक्षा कर्मी के परिवार ने देशभक्ति की भावनाएं व्यक्त की हैं। शहीद के परिवार का कहना है कि हमें फोन आया कि संसद में आतंकवादी हमला हुआ है और उन्हें गोली लगी है, लेकिन उनकी सटीक स्थिति नहीं पता थी। उन्होंने कहा कि हमें गर्व है कि उन्होंने देश की संसद की रक्षा करते हुए अपने प्राण न्योछावर किए।

## इंडिगो की मोनोपॉली कैसे बनी, इसकी जांच होगी

- ताकत के गलत इस्तेमाल का आरोप; एविएशन सेक्टर में 65प्रतिशत हिस्सेदारी, रोजाना 2,200 उड़ानें



**नई दिल्ली,एजेंसी।** एविएशन सेक्टर में इंडिगो एयरलाइन की मोनोपॉली (एकतरफा दबदबा) अब जांच के दायरे में आ गई है। देश में निष्पक्ष कारोबार पर नजर रखने वाली संस्था कॉम्पिटिशन कमीशन ऑफ इंडिया (CCI) जांच कर रही है कि क्या देश की सबसे बड़ी एयरलाइन ने मोनोपॉली बनाए रखने के लिए प्रतिस्पर्धा के नियमों का उल्लंघन किया है।

इंडिगो संकट कॉम्पिटिशन एक्ट की धारा 4 का खुला उल्लंघन माना जा रहा है। इसके मुताबिक कोई कंपनी अपनी धाक के बल पर मनमानी कीमत नहीं वसूल सकती और सेवाओं को मनमाने तरीके से संचालित कर कस्टमर्स को ब्लैकमेल नहीं कर सकती। कॉम्पिटिशन कमीशन अंदरूनी तौर पर इंडिगो की मोनोपॉली वाली स्थिति, खास रूट्स पर दबदबे और गलत इस्तेमाल जैसे कई पहलुओं पर छानबीन कर रहा है। किराया बढ़ाने का मामला अगर साबित होता है तो आयोग जांच का आदेश देगा।

### इंडिगो ने संकट की जांच के लिए अंतरराष्ट्रीय एक्सपर्ट नियुक्त किया

डायरेक्टोरेट जनरल ऑफ सिविल एविएशन (DGCA) की ओर से एविएशन नियमों में बदलाव चलते दिसंबर के पहले हफ्ते में इंडिगो में क्रू मेंबर्स की भारी कमी हो गई थी। इसके कारण 1 से 10 दिसंबर के बीच इंडिगो की 5000 से ज्यादा फ्लाइट कैंसिल हुई थीं। इंडिगो ने मामले की आंतरिक जांच को पूरी तरह इंटरनेशनल एक्सपर्ट के हवाले करने का फैसला किया है। CEO पीटर एल्बर्स शुक्रवार को DGCA की समिति के सामने पेश हुए थे। कंपनी ने इससे पहले ही स्वतंत्र जांच का जिम्मा विश्व प्रसिद्ध एविएशन एक्सपर्ट कैप्टन जॉन इल्सन को सौंप दिया। यह कदम संकेत देता है कि एयरलाइन ऑपरेशनल मॉडल और प्रबंधन प्रक्रियाओं की गहराई से समीक्षा करवाने के दबाव में है। इल्सन चार दशक के दौरान शीर्ष वैश्विक संस्थानों का नेतृत्व कर चुके हैं।

# मनरेगा अब पूज्य बापू ग्रामीण रोजगार योजना

### मोदी कैबिनेट का फैसला; काम के दिनों की संख्या भी 100 से बढ़ाकर 125 की गई



**नई दिल्ली,एजेंसी।** महात्मा गांधी नेशनल रूरल एम्प्लॉयमेंट गारंटी एक्ट का नाम अब पूज्य बापू ग्रामीण रोजगार योजना होगा। शुक्रवार को केंद्रीय कैबिनेट ने एक्ट का नाम बदलने और काम के दिनों की संख्या बढ़ाने वाले बिल को मंजूरी दे दी। न्यूज एजेंसी PTI ने सूत्रों के हवाले से बताया कि काम के दिनों की संख्या 100 से बढ़ाकर 125 दिन कर दी जाएगी।

महात्मा गांधी नेशनल रूरल एम्प्लॉयमेंट गारंटी स्कीम को MGNREGA (मनरेगा) या NREGA (नरेगा) के नाम से जाना जाता है। यह सरकार की एक खास स्कीम है जिसका मकसद ग्रामीण इलाकों में परिवारों की रोजी-रोटी की सुरक्षा बढ़ाना है। इसके तहत हर उस परिवार को एक फाइनेंशियल ईयर में कम से कम 100 दिनों की गारंटी वाली मजदूरी वाला काम दिया जाता है, जिसके बड़े सदस्य बिना हुनर का काम करने के लिए अपनी मर्जी से तैयार होते हैं। इसे 2005 में लागू किया गया था।

### प्रियंका गांधी बोलीं- नाम बदलने का तर्क समझ नहीं आता


वायनाड से कांग्रेस सांसद प्रियंका गांधी ने कहा कि उन्हें [illegible] योजना का नाम बदलने के फैसले के पीछे का तर्क समझ नहीं आता। जिससे फिजूल खर्च होता है। उन्होंने कहा- मुझे समझ नहीं आता कि इसके पीछे क्या मानसिकता है। सबसे पहले, यह महात्मा गांधी का नाम है, और जब इसे बदला जाता है, तो सरकार के संसाधन फिर से इस पर खर्च होते हैं। ऑफिस से लेकर स्टेशनरी तक, सब कुछ का नाम बदलना पड़ता है, इसलिए यह एक बड़ी, महंगी प्रक्रिया है। तो ऐसा करने का क्या फायदा है?

### कांग्रेस बोली- मोदी सरकार ने हमारी 32 योजनाओं के नाम बदले

कांग्रेस की सुप्रिया श्रीनेत ने मनरेगा का नाम बदले जाने पर एक वीडियो शेयर किया। जिसमें उन्होंने कहा कि नरेंद्र मोदी ने MGNREGA का नाम बदल कर पूज्य बापू ग्रामीण रोजगार स्कीम रखा है। इसी मनरेगा को मोदी कांग्रेस की विफलताओं का पुलिंदा बताते थे लेकिन असलियत यह है कि यही मनरेगा ग्रामीण भारत के लिए संजीवनी साबित हुआ।

# भागवत बोले :भारत के लिए जीने का समय मरने का नहीं,हर इंसान में देशभक्ति जरूरी

### यहां तेरे टुकड़े होंगे जैसी भाषा नहीं चलेगी



**श्री विजया पुरम ,एजेंसी।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (RSS) प्रमुख मोहन भागवत ने शुक्रवार को कहा कि देश को हर चीज से ऊपर रखना चाहिए। यह भारत के लिए जीने का समय है, मरने का नहीं। हमारे देश में हमारे अपने देश की ही भक्ति होनी चाहिए। यहां तुम्हारे टुकड़े-टुकड़े होंगे जैसी भाषा नहीं चलेगी।

भागवत, अंडमान में दामोदर सावरकर के गीत सागर प्राण तलमाला की 115वीं सालगिरह के मौके पर आयोजित समारोह में पहुंचे थे। उन्होंने कहा कि आज समाज में छोटी-छोटी बातों पर टकराव दिखता है कि हम कैसा सोचते हैं। एक महान देश बनाने के लिए, हमें सावरकर के संदेश को याद करना होगा।

भागवत ने यह भी कहा कि सावरकर जी ने कभी नहीं कहा कि वह महाराष्ट्र से हैं या किसी खास जाति के हैं। उन्होंने हमेशा एक राष्ट्र की सोच सिखाई। हमें अपने देश को ऐसे सभी टकरावों से ऊपर रखना होगा। हमें यह मानना होगा कि हम सब भारत हैं। इस दौरान द्वीप समूह के बेओदनाबाद में विनायक दामोदर सावरकर की मूर्ति का अनावरण किया गया। इस कार्यक्रम में भागवत के साथ केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह, केंद्रीय मंत्री आशीष शेलार, पद्मश्री हृदयनाथ मंगेशकर, एक्टर रणदीप हुड्डा और शरद पोंक्षे, डॉ. विक्रम संपत भी मौजूद थे। भागवत शनिवार को श्री विजया पुरम में नेताजी स्टेडियम में विराट हिंदू सम्मेलन के तहत दोपहर करीब 3.30 बजे एक जनसभा को संबोधित करेंगे।

## राहुल गांधी ने वर्कर्स यूनियनों से मुलाकात की

### 4 नए लेबर कानून पर चर्चा; लिखा- ये आवाज दबाने की कोशिश



**नई दिल्ली,एजेंसी।** कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने शुक्रवार को देशभर के कई वर्कर्स यूनियनों के प्रतिनिधियों से मुलाकात की और नए लेबर कोड्स पर चर्चा की। राहुल ने उन्हें भरोसा दिलाया कि वह उनकी चिंताओं को उठाएंगे और चर्चा को आगे बढ़ाएंगे। मुलाकात के बाद राहुल ने X पर लिखा- वे (प्रतिनिधि) इन चार नए लेबर कोड्स को लेकर बहुत चिंतित हैं। उनके अनुसार ये कानून वर्कर्स और उनके संगठनों के अधिकारों को कमजोर करने और उनके अधिकारों की आवाज को दबाने के लिए बनाए गए हैं। दरअसल केंद्र सरकार ने देश के सभी मजदूरों और कर्मचारियों के लिए 21 नवंबर से चार नए लेबर कोड लागू किए थे।

### क्या हैं नए लेबर कोड्स, कैसे लागू हो रहे हैं?

भारत में पहले 29 अलग-अलग लेबर लॉज थे, जो कन्फ्यूजिंग थे। अब इन्हें चार कोड्स में समेट दिया गया है- कोड ऑन वेजेज (2019), इंडस्ट्रियल रिलेशंस कोड (2020), कोड ऑन सोशल सिक्योरिटी (2020) और OSHWC कोड (2020)। वेज कोड 21 नवंबर 2025 से एक्टिव हो गया है। अगले 45 दिनों में डिटेल्ड रूल्स नोटिफाई होंगे। जिसके तहत सभी कंपनियों को अपने सैलरी स्ट्रक्चर को रीस्ट्रक्चर करना होगा। नए कोड्स में मुख्य बदलाव ये है कि बेसिक सैलरी, डियरनेस अलाउंस और रिटेनिंग अलाउंस मिलाकर CTC का 50% या गवर्नमेंट नोटिफाई होना चाहिए। ये वेजेज की डेफिनेशन को स्टैंडर्डाइज करता है, ताकि PF, ग्रेच्युटी और पेंशन कैलकुलेशन में कंसिस्टेंसी आए। पहले कंपनियां बेसिक को कम रखकर अलाउंस बढ़ा देती थीं, जिससे कंट्रीब्यूशन कम होता था। अब ये ट्रिक काम नहीं करेगी।

## मेसी के कार्यक्रम में नाराज फैंस ने की तोड़फोड़, नाराज हुईं सीएम ममता

### मांगी माफी फिर किया ये बड़ा एलान



**कोलकाता,एजेंसी।** कोलकाता के सॉल्ट लेक स्टेडियम में फुटबॉल सुपरस्टार लियोनल मेसी के कार्यक्रम से जल्दी जाने के बाद नाराज फैंस ने जमकर तोड़फोड़ की। स्टेडियम में हुए हंगामे और अव्यवस्था पर पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने गहरा दुख और हैरानी जताई है। उन्होंने कहा कि स्टेडियम में जिस तरह का कुप्रबंधन देखने को मिला, उससे वह बेहद आहत हैं। सीएम ममता बनर्जी ने इस पूरे मामले की जांच के लिए जांच समिति बनाने का भी एलान किया है। बता दें कि कोलकाता के सॉल्ट लेक स्टेडियम में उस वक्त अफरा-तफरी मच गई, जब फुटबॉल सुपरस्टार लियोनल मेसी के अचानक स्टेडियम छोड़ने के बाद नाराज फैंस भड़क उठे। अपने G.O.A.T दौरे पर भारत पहुंचे मेसी को देखने हजारों दर्शक भारी कीमत पर टिकट लेकर पहुंचे थे। लैप ऑफ ऑनर के बाद मेसी के जल्दी निकलते ही फैंस ने कुर्सियां और बोतलें फेंककर विरोध जताया, जिसका वीडियो अब सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हो रहा है।

## शिमला में नड्डा-अग्निहोत्री की मुलाकात से सियासत गरमाई

### शादी की बधाई या सियासी संकेत, नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर भी रहे मौजूद



**शिमला ,एजेंसी।** हिमाचल की सियासत शुक्रवार देर रात उस वक्त अचानक गरमा गई, जब भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा हिमाचल के डिप्टी सीएम मुकेश अग्निहोत्री के शिमला स्थित सरकारी आवास पहुंचे। बताया जा रहा है कि जेपी नड्डा, डिप्टी सीएम की बेटी डॉ. आस्था अग्निहोत्री की मैरिज की शुभकामनाएं देने पहुंचे थे। यह जानकारी डिप्टी सीएम मुकेश अग्निहोत्री ने खुद भी सोशल मीडिया पर शेयर की। बीजेपी ने भी इसकी जानकारी मीडिया को साझा की। डिप्टी सीएम और भाजपा की ओर से इसे सौहार्द और व्यक्तिगत संबंधों से जुड़ी भेंट बताया गया।

# बंगाल एसआईआर वोटर लिस्ट से 58 लाख+ नाम हटे

### ममता की भवानीपुर सीट में 44 हजार नाम डिलीट; साउथ 24 परगना जिले से 8 लाख नाम कटे



**कोलकाता,एजेंसी।** चुनाव आयोग (EC) ने शुक्रवार को पश्चिम बंगाल में स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन (SIR) के पहले फेज के बाद निर्वाचन क्षेत्रवार आंकड़े जारी किए। इसके मुताबिक, राज्य में 58 लाख से ज्यादा नाम वोटर लिस्ट से हटा दिए हैं।

सीएम ममता बनर्जी के भवानीपुर सीट से 44,787 वोटरों के नाम हटाए गए हैं। यहां जनवरी 2025 की लिस्ट में 1,61,509 वोटर्स थे। भाजपा के नेता प्रतिपक्ष सुवेंदु अधिकारी की नंदीग्राम सीट से 10,599 नाम हटाए गए। यहां SIR से पहले 2,78,212 वोटर थे।

जिलावार आंकड़ों में साउथ 24 परगना सबसे ऊपर रहा, जहां 8 लाख 16 हजार से ज्यादा वोटरों के नाम हटाए गए है। यह इलाका TMC सांसद अभिषेक बनर्जी का गढ़ माना जाता है। उन्होंने डायमंड हार्बर सीट से पिछले लोकसभा चुनाव में सात लाख से ज्यादा वोटों के अंतर से जीत दर्ज की थी।

दूसरी तरफ, बंगाल भाजपा के को-इंचार्ज अमित मालवीय ने दावा किया है कि सीएम ममता बनर्जी ने 11 दिसंबर को पहले फेज के आखिरी दिन अपना SIR फॉर्म भर दिया है। मालवीय ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म ङ्क पर कहा- ममता ने कुछ ही घंटे पहले एक रैली से झूठा दावा किया था कि वे फॉर्म जमा नहीं करेंगी।

**कोलकाता पोर्ट से 74 हजार नाम हटे :** चुनाव आयोग के आंकड़ों के मुताबिक, राज्य के 294 असेंबली एरिया में से सबसे ज्यादा नाम कोलकाता के चौरंगी और कोलकाता पोर्ट जैसे क्षेत्रों में कटे हैं। चौरंगी विधानसभा क्षेत्र में 74,553 नाम हटाए गए। यहां से से तृणमूल MLA नयना बंद्योपाध्याय हैं।

कोलकाता पोर्ट से कुल 63,730 नाम हटाए गए। इसका प्रतिनिधित्व सीनियर मंत्री फिरहाद हकीम करते हैं। वहीं मंत्री अरूप बिस्वास के टॉलीगंज में 35,309 नाम हटे। सबसे कम नाम बांकुरा जिले के कोतुलपुर से हटाए गए, जहां 5,678 नाम हटाए गए। चुनाव आयोग ने बताया कि वोटर की मौत, दूसरी जगह शिफ्ट होना और डुप्लीकेट एंट्री के कारण उनके नाम लिस्ट हटाए गए हैं।

### भाजपा विधायकों के क्षेत्रों में भी नाम कटे

अधिकारी ने बताया कि भाजपा के प्रमुख विधायकों के क्षेत्रों में नंदीग्राम से ज्यादा नाम कटे हैं। आसनसोल साउथ जहां से अग्निमित्रा पॉल विधायक हैं, वहां पर 39,202 नाम हटाए गए। वहीं शंकर घोष के विधानसभा क्षेत्र सिलीगुड़ी से 31,181 नाम हटाए गए।

### ड्राफ्ट रोल 16 दिसंबर को पब्लिश होगा

चुनाव आयोग ने गुरुवार को 5 राज्यों और एक केंद्र शासित प्रदेश (UT) में स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन (SIR यानी वोटर वेरिफिकेशन) की समयसीमा बढ़ा दी। मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़ और अंडमान-निकोबार में 18 दिसंबर तक फॉर्म भर सकेंगे। उत्तर प्रदेश में 26 दिसंबर, गुजरात और तमिलनाडु में 14 दिसंबर तक फॉर्म भरे जा सकेंगे। पहले फॉर्म भरने की आखिरी तारीख 11 दिसंबर थी। आयोग ने बताया कि गोवा, पुडुचेरी, लक्षद्वीप, राजस्थान और पश्चिम बंगाल के लिए समयसीमा गुरुवार को ही समाप्त होगी और ड्राफ्ट मतदाता सूची 16 दिसंबर को पब्लिश की जाएगी। केरल में पहले ही अखिरी तारीख 18 दिसंबर कर दी गई थी जिसका ड्राफ्ट 23 दिसंबर को पब्लिश होगा।

## मध्य विद्यालय मानपुर के छात्र सुजीत का एकलव्य राज्य खेल प्रशिक्षण केंद्र के लिए चयन

**दैनिक खोज खबर/दरियापुर (सारण)।** स्थानीय प्रखंड क्षेत्र के उत्क्रमित मध्य विद्यालय मानपुर के छात्र सुजीत कुमार ने आवासीय एकलव्य राज्य खेल प्रशिक्षण केंद्र के लिए चयनित होकर विद्यालय का मान बढ़ाया है। सुजीत के चयन पर विद्यालय के प्रधानाध्यापक उमेश राय, शारीरिक प्रशिक्षक देव नारायण राय समेत विद्यालय परिवार के अन्य शिक्षकों ने हर्ष व्यक्त करते हुए कहा कि विद्यालय के छात्र सुजीत के चयन से पूरा विद्यालय परिवार गर्व महसूस करता है। खेल प्रशिक्षक श्री राय ने कहा कि सुजीत कुमार खेल में प्रतिभावान छात्र हैं, उन्होंने साबित कर दिखाया है कि नियमित अभ्यास और अनुशासन से हर लक्ष्य को हासिल किया जा सकता है। विद्यालय परिवार की ओर से सुजीत को बधाई देते हुए कहा कि उम्मीद है कि सुजीत भविष्य में और ऊंचा मुकाम हासिल करेगा। वही उसकी उपलब्धि विद्यालय के अन्य छात्रों के लिए भी प्रेरणादायी साबित होगा। इसको लेकर विद्यालय के शिक्षक राजा कुमार, पिंटू कुमार, पल्लवी कुमारी, राज कुमार, शांति कुमारी सहित अन्य ने भी बधाई दी हैं।



## सुश्रुत हॉस्पिटल के संस्थापक डॉ. अमरेश को गुरुग्राम में तीन राष्ट्रीय सम्मानों से किया गया सम्मानित

**दैनिक खोज खबर/इसुआपुर (सारण)।** छपरा के जगदम कॉलेज के समीप स्थित सुश्रुत हॉस्पिटल के संस्थापक एवं वरिष्ठ चिकित्सक डॉ. अमरेश को गुरुग्राम में आयोजित एक भव्य समारोह में तीन राष्ट्रीय सम्मानों से सम्मानित किया गया। यह सम्मान समारोह मानवाधिकार एवं सामाजिक न्याय संगठन एवं मिनिस्ट्री ऑफ कॉरपोरेट अफेयर्स के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित किया गया था। बताया गया कि डॉ. अमरेश का चयन पब्लिक ग्रुप ऑफ इंडिया द्वारा कराई गई देशव्यापी वोटिंग प्रक्रिया के माध्यम से हुआ। इस प्रक्रिया में पूरे देश से चयनित होकर केवल 30 चिकित्सकों को ही यह विशिष्ट सम्मान प्रदान किया गया, जिनमें डॉ. अमरेश भी शामिल हैं। यह कार्यक्रम 10 दिसंबर, मानवाधिकार एवं सामाजिक न्याय दिवस के अवसर पर गुरुग्राम के होटल हॉलीडे इन में संपन्न हुआ। समारोह में डॉ. अमरेश को उनकी उत्कृष्ट चिकित्सीय सेवाओं, सामाजिक सरोकारों तथा मरीजों के प्रति समर्पित देखभाल के लिए सम्मानित किया गया। डॉ. अमरेश को पहला सम्मान ÷राष्ट्रीय चिकित्सा सेवा भूषण सम्मान 2025÷ से नवाजा गया, जो उन्हें बिहार सरकार के पूर्व मंत्री जीवेश कुमार मिश्रा द्वारा प्रदान किया गया। दूसरा सम्मान ÷इंडियन डॉक्टर प्राइड अवार्ड 2025÷ रहा, जिसे प्रसिद्ध बॉलीवुड अभिनेता चंकी पांडे ने प्रदान किया। वहीं तीसरा सम्मान ÷ह्यूमनटेरियन एक्सीलेंस अवार्ड 2025÷ के रूप में उन्हें मानवाधिकार एवं सामाजिक न्याय संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री रोहित कुमार सिंह द्वारा दिया गया उल्लेखनीय है कि डॉ. अमरेश वर्तमान में सारण जिला मानवाधिकार एवं सामाजिक न्याय संगठन के जिला अध्यक्ष भी हैं। चिकित्सा के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान के साथ-साथ सामाजिक सेवा और मानवीय मूल्यों के प्रति उनकी प्रतिबद्धता को देखते हुए यह सम्मान उन्हें प्रदान किया गया।




## जनवरी में आयोजित किया जाएगा मुशायरा व सेमिनार पैनल का किया गया गठन, बैठक में हुए कई निर्णय

**दैनिक खोज खबर/छपरा।** बिहार सरकार के उर्दू निदेशालय के तत्वावधान में उर्दू भाषा व साहित्य के विकास तथा प्रचार-प्रसार के लिए होने वाला वार्षिक फरोग-ए उर्दू सेमिनार और मुशायरा आगामी जनवरी माह में आयोजित किया जाएगा. उक्त निर्णय शुक्रवार की संध्या में जिला उर्दू भाषा कोषांग की प्रभारी पदाधिकारी जेबा अर्शी की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में लिया गया. एसडीसी जेबा ने बताया कि निदेशालय के आदेश के आलोक में एक पैनल का गठन किया गया है. जिसकी आज पहली बैठक आहूत की गयी. पैनल में उर्दू के सक्रिय विद्वानों को रखा गया है. जिसमें युनिवर्सिटी और कालेज के विभागाध्यक्ष शामिल हैं. उन्होंने पैनल में अन्य नाम जोड़ने का प्रस्ताव भी दिया. बैठक में कार्यक्रम को सफल और भव्य बनाने पर विचर विमर्श किया गया. इस दौरान सीनियर आलेख पाठक, डेलीगेट, जूनियर आलेख पाठक के रूप में निमंत्रित करने के लिए नामों पर विचार विमर्श किया गया. साथ ही आलेख के विषय पर भी विमर्श करते हुए उसमें भाषा एवं साहित्य के विकास में स्थानीय योगदान के पुट को शामिल करने पर सहमति बनी. इस अवसर पर आयोजित होने वाले मुशायरा को भव्य बनाने का निर्णय लिया गया. कुल 10 शायरों को निमंत्रित किया जाना है. जिसमें स्थानीय कवियों के साथ बाहर के कवियों को भी शामिल करने का निर्णय लिया गया. बैठक में प्रो मजहर किबरिया, प्रो अलाउद्दीन खान, प्रो मो हसीब, प्रो अब्दुल खालिक, प्रो असलम, नदीम अहमद, मो हारून, रेश्मा तबस्सुम आदि उपस्थित थे.



# बिहार के छपरा में बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ का सपना हो रहा साकार, सारण की बेटी सोनम बनी राष्ट्रीय खिलाड़ी

### कोच के साथ सोनम जोधपुर के लिए हुई रवाना, खेल प्रेमियों ने दी शुभकामनाएं

**दैनिक खोज खबर/छपरा ।** अगर हौसले बुलंद हों और सही मार्गदर्शन मिले, तो गांव की बेटियां भी राष्ट्रीय फलक पर चमक सकती हैं÷। इस कहावत को बिहार के छपरा की बेटी सोनम कुमारी ने साकार कर दिखाया है। सारण जिले के गड़खा प्रखंड अंतर्गत साधपुर गांव निवासी शिक्षक रविंद्र कुमार एवं गृहिणी मां सरस्वती देवी की पुत्री सोनम कुमारी का चयन स्कूल गेम्स फेडरेशन ऑफ इंडिया (स्त्स्ढ्ढ) द्वारा आयोजित राष्ट्रीय अंडर-19 गर्ल्स सेपक टकरा चैंपियनशिप (15 से 22 दिसंबर) के लिए बिहार टीम में चयन हुआ है। यह प्रतिष्ठित प्रतियोगिता राजस्थान के जोधपुर में आयोजित की जा रही है। जिले के मुनीलाल उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में




11वीं कक्षा की छात्रा सोनम ने खेल जीवन की शुरुआत एथलेटिक्स से की थी। हालांकि सबसे पहले 800 मीटर दौड़ और लॉन्ग जंप की खिलाड़ी रह चुकी है। छपरा शहर स्थित राजेंद्र स्टेडियम में अभ्यास के दौरान सोनम की फुर्ती, संतुलन और जुझारूपन ने जिला सेपक टकरा संघ के सचिव एवं कोच तरुण कुमार सिंह का ध्यान आकर्षित किया। कोच की प्रेरणा और मार्गदर्शन से सोनम ने सेपक टकरा जैसे चुनौतीपूर्ण खेल को अपनाई है। जिला सेपक टकरा संघ के सचिव सह कोच तरुण कुमार सिंह ने बताया कि बिहार की 20 सदस्यीय टीम में शामिल सोनम सारण जिला ही नहीं बल्कि प्रमंडल की इकलौती खिलाड़ी हैं। उसका चयन न केवल उनके परिवार के लिए, बल्कि पूरे जिले और प्रमंडल के लिए गर्व की बात है। सोनम की यह उपलब्धि ÷बेटी बचाओङ्कबेटी पढ़ाओ÷ अभियान को धरातल पर साकार करने का सशक्त उदाहरण है। शुरूआती दौर में नए खेल को लेकर थोड़ी झिझक जरूर थी, लेकिन निरंतर अभ्यास, अनुशासन और आत्मविश्वास ने उन्हें तेजी से आगे बढ़ाया है। मेहनत का परिणाम यह रहा कि सोनम का चयन एसजीएफआई जिला टीम में हुआ। इसके बाद बेगूसराय में आयोजित राज्य स्तरीय एसजीएफआई प्रतियोगिता में सारण की टीम ने दूसरा स्थान प्राप्त किया, जिसमें सोनम का प्रदर्शन सराहनीय रहा। उत्कृष्ट खेल के आधार पर ही उनका चयन बिहार टीम में किया गया है। जिला सेपक टकरा संघ के अध्यक्ष तनुजा विकास सिंह ने बताया कि सोनम अपने कोच के मार्ग दर्शन और दिशा निर्देश में भागवत विद्यापीठ के खेल मैदान में नियमित अभ्यास करती रहीं। लगन और संघर्ष के बदौलत सोनम राष्ट्रीय स्तर की खिलाड़ी बनी है। सोनम जैसी ग्रामीण क्षेत्रों की खिलाड़ियों को यह संदेश देती है कि यदि बेटियों को अवसर, संसाधन और प्रोत्साहन मिले, तो वह खेल के क्षेत्र में भी देश और राज्य का नाम रोशन कर सकती हैं। आज सारण ही नहीं बल्कि पूरा बिहार अपनी इस बेटी से राष्ट्रीय स्तर पर शानदार प्रदर्शन की उम्मीद लगाए बैठा है। जोधपुर रवाना होने से पूर्व भागवत विद्यापीठ के प्राचार्य अमरेंद्र कुमार सिंह, जिला सेपक टकरा संघ की अध्यक्ष तनुजा विकास सिंह, सारण जिला योगासना स्पोर्ट्स एसोसिएशन के सचिव चंद्र शेखर सिंह, उपाध्यक्ष धर्मेंद्र रस्तोगी, योग प्रशिक्षिका सलोनी कुमारी सहित संघ के कई अन्य पदाधिकारियों ने सोनम को शुभकामनाएं दीं है।

## सोनपुर मेले से धीरे-धीरे विलुप्त हो रही मिट्टी के बने घिरनी व सिटी

**दैनिक खोज खबर/सोनपुर।** सोनपुर मेला धार्मिक, ऐतिहासिक और अपनी पुरानी सांस्कृतिक धरोहर एवं पुरानी परंपराओं एवं मनोरंजन के अलवा व्यापार के लिए भी जाना जाता है। इस मेले में हर आयु और वर्ग के लोगों के लिए कुछ न कुछ खास होता है। मेला में हर लोगों के अपनी -अपनी मनपसंद के अनुसार समान की खरीदारी करते हैं. बच्चे जहां खेल,तमाशा, झूला का आनंद ही नहीं वल्कि छोटे-मोटे खिलौने की सामग्री भी खरीदते हैं वहीं बड़े बुजुर्ग अपने मन पसंद घरेलू सामग्री, कपड़े, अन्य समाग्री की खरीदारी करते हैं वही महिलाएं श्रृंगार, कपड़े, घरेलू समाग्री, चटपटे अचार, स्वादिस्ट भोजन, लिटी चोखा, गुड़ के जिलेवी की खरीदारी ज्यादा करते हैं.इस मेले में छोटे से लेकर बड़े व्यापारी तक के आकर अपना व्यापार करते हैं और अपना जीवकोपार्जन का साधन समझते है।यहां की बिक्री से न केवल उनकी आय व व्यापार में वृद्धि होती है, बल्कि पारंपरिक कारीगरी को भी नई पहचान मिलती है। आधुनिकता और प्लास्टिक के बढ़ते चलन के कारण मिट्टी से बनी पारंपरिक धीरनी व सिटी आज विलुप्त होने की कगार पर पहुँच गई हैं। कभी ग्रामीण जीवन और लोक संस्कृति का अहम हिस्सा रहीं ये वस्तुएँ अब बाजारों व मेला से धीरे-धीरे गायब होती जा रही हैं। मिट्टी के बने घिरनी और सिटी सिर्फ सोनपुर मेले में ही बिक्री होती थी और लोग बच्चों के मनोरंजन के लिए बांस के लकड़ी व मिट्टी से बने हुए धीरनी और मिट्टी के सिटी बच्चों को लुभाते हुए हर मेलार्थी अपने बच्चों के लिए पहले 25-50 पैसे में खरीदारी करते थे जो विगत 10 वर्ष पहले 1-2 रूपये का धीरनी और सिटी खरीद कर ले जाते थे लेकिन वर्तमान समय में मेले में कहीं-कहीं पर यह चीज देखने व बिक्री के लिए मिलती है। अपनी पुरानी परंपरा को निर्वहन और पुरानी यादों के लिए लोग शौक से बच्चों



के लिए 10 रूपये में 5 पीस घिरनी व सिटी खरीदारी कर रहे है. घिरनी व सिटी के बिक्री कम होने का मुख्य कारण कुम्हारों ने बताया कि पहले इन वस्तुओं की अच्छी मांग रहती थी, लेकिन अब प्लास्टिक और धातु से बने सस्ते उत्पादों के कारण उनकी बिक्री बेहद कम हो गई है। मिट्टी के दाम बढ़ाने एवं लोगों को मिट्टी के बने सामग्री पर इतनी दिलचस्पी नहीं रहने के कारण इसकी बिक्री कम हो गई है.वर्तमान समय में घिरनी और सिटी ?10 के 5 बिकते हैं जिसके कारण लोग प्लास्टिक के बने अन्य चाइनीज सामानों को खरीदारी करते हैं.इससे पारंपरिक कुम्हारी कला और इससे जुड़े कारीगरों की आजीविका पर संकट गहरा गया है। मेला में घिरनी व सिटी कि बिक्री गिने चुने जगहों पर बिक्री के लिए मिलती है. विशेषज्ञों का मानना है कि मिट्टी से बने ये उत्पाद पर्यावरण के अनुकूल होने के साथ-साथ हमारी सांस्कृतिक विरासत के प्रतीक हैं। इनके संरक्षण के लिए सरकारी सहयोग, हस्तशिल्प मेलों का आयोजन और लोगों में जागरूकता बढ़ाना जरूरी है, ताकि यह पारंपरिक कला आने वाली पीढ़ियों तक सुरक्षित रह सके। सोनपुर मेला न केवल स्थानीय लोगों के लिए, बल्कि आसपास के जिलों और राज्यों से भी लोगों को अपनी ओर आकर्षित करता है।

## टीएलएम मेला-3 का भव्य, प्रेरक एवं अत्यंत सफल आयोजन

**दैनिक खोज खबर/पताही (मोतिहारी)।** पताही प्रखण्ड अंतर्गत बेतौना संकुल में टीचिंग लर्निंग मटेरियल (टीएलएम) मेलाङ्क3 का आयोजन अत्यंत उत्साह, शैक्षणिक नवाचार और रचनात्मक वातावरण के बीच सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। इस शैक्षणिक मेले का मुख्य उद्देश्य बच्चों में सीखने की रुचि बढ़ाना, सैद्धांतिक ज्ञान को व्यवहारिक रूप देना तथा बाल केंद्रित शिक्षण को मजबूती प्रदान करना रहा।टीएलएम मेले में संकुल के अंतर्गत आने वाले सभी विद्यालयों से प्रत्येक वर्ग के एक-एक छात्र ने भाग लिया। बच्चों द्वारा अपने-अपने स्तर के अनुसार स्वयं तैयार किए गए टीएलएम मॉडल, चार्ट एवं नवाचारपूर्ण शिक्षण सामग्री मेले का मुख्य आकर्षण रहे। इन प्रदर्शनों ने यह सिद्ध कर दिया कि यदि बच्चों को उचित मार्गदर्शन और अवसर मिले, तो वे सीमित संसाधनों में भी उत्कृष्ट और प्रभावशाली शिक्षण सामग्री का निर्माण कर सकते हैं।

प्रदर्शनी में गणित, विज्ञान, पर्यावरण अध्ययन, भाषा एवं सामाजिक विज्ञान जैसे विषयों से



संबंधित विविध प्रकार के मॉडल और चार्ट लगाए गए। कहीं गणितीय अवधारणाओं को सरल रूप में दर्शाया गया था, तो कहीं विज्ञान एवं पर्यावरण से जुड़े प्रयोगात्मक मॉडल प्रस्तुत किए गए। भाषा एवं सामाजिक विज्ञान के टीएलएम में कहानी, चित्र, मानचित्र और चार्ट के माध्यम से विषयवस्तु को रोचक तरीके से समझाने का प्रयास किया गया। बच्चों की मेहनत, कल्पनाशीलता, समझ और प्रस्तुति कौशल हर स्टॉल पर स्पष्ट रूप से नजर आ रहा था।टीएलएम मेलाङ्क3 के सफल आयोजन में सीआरसी बेतौना के संचालक गोबिंद कुमार सिंह एवं नितीश कुमार की प्रमुख भूमिका रही। इनके कुशल नेतृत्व, सतत मार्गदर्शन एवं बेहतर समन्वय के कारण कार्यक्रम व्यवस्थित एवं प्रभावी ढंग से संपन्न हुआ। साथ ही करूणाकर कुमार एवं पुष्पा कुमारी ने भी आयोजन को सफल बनाने में महत्वपूर्ण एवं सराहनीय योगदान दिया।

मेला के समापन से पूर्व संचालक गोबिंद कुमार सिंह द्वारा प्रदर्शित टीएलएम का सूक्ष्म अवलोकन एवं मूल्यांकन किया गया। इसके पश्चात तीन उत्कृष्ट टीएलएम का चयन कर संबंधित विद्यालयों के शिक्षकों एवं छात्रों को मेडल प्रदान कर सम्मानित किया गया। प्रथम स्थान प्राप्त करने का गौरव एनपीएस बेतौना परती टोला को मिला। द्वितीय स्थान राजकीय मध्य विद्यालय गम्हरिया को प्राप्त हुआ। तृतीय स्थान एनपीएस खुटौना यादव टोला के नाम रहा।सम्मान प्राप्त करने वाले छात्रों एवं शिक्षकों का उत्साह देखते ही बन रहा था, जिससे अन्य बच्चों को भी भविष्य में बेहतर प्रदर्शन करने की प्रेरणा मिली।कुल मिलाकर, टीएलएम मेलाङ्क3 न केवल बच्चों की प्रतिभा को मंच प्रदान करने वाला आयोजन रहा, बल्कि यह गुणवत्तापूर्ण, रोचक एवं प्रयोगात्मक शिक्षा की दिशा में एक महत्वपूर्ण और प्रेरणादायी पहल सिद्ध हुआ। ऐसे आयोजन निश्चित रूप से विद्यालयों में नवाचार, सहभागिता और सीखने के प्रति सकारात्मक वातावरण का निर्माण करते हैं। इस अवसर पर मृत्युंजय कुमार, अमित कुमार, मो. खुर्शीद आलम, सरोज ठाकुर, बीरेन्द्र राम, हरिश्चंद्र कुमार साह, चंदा कुमारी एवं सपना कुमारी सहित कई शिक्षक-शिक्षिकाएं उपस्थित रहीं। सभी ने बच्चों की प्रशंसा करते हुए ऐसे आयोजनों को नियमित रूप से आयोजित करने की आवश्यकता पर बल दिया।

### जमीनी विवाद में महिला के दोनों हाथ तोड़ा

मढ़ौरा (सारण)। थानाक्षेत्र के भुआलपुर में जमीनी विवाद में एक महिला के साथ उसके पड़ोसी ने मारपीट कर दोनों तोड़ दिया। बुरी तरह से जख्मी हुई महिला को इलाज के लिए अनुमंडल अस्पताल लाया गया जहां चिकित्सक डाक्टर वीरेश कुमार ने प्राथमिक उपचार किया। घटना को लेकर जख्मी हुई महिला भुआलपुर निवासी नागेन्द्र राय की पत्नी मीना देवी ने बताया कि पड़ोसी से उसका जमीनी विवाद था। इसको लेकर उसके पड़ोसी दरवाजे पर आकर लाठी डंडा एवं अन्य धारदार हथियार से हमला कर दिये। मारपीट में उसका सिर फट गया और हमले में दोनों हाथ टूट गए। जख्मी महिला के लिखित आवेदन पर पुलिस ने कार्रवाई शुरु कर दी है।

## एआई आधारित विकास मॉडल, बिहार के लिए नया औद्योगिक रास्ता

**अरविंद सिंह।**

**दैनिक खोज खबर/लकड़ी नवीगंज (सिवान)।** हाल ही में बिहार चुनाव के दौरान केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह द्वारा बिहार को देश का नया AI हब बनाने की घोषणा ने राज्य के विकास को लेकर एक नई बहस को जन्म दिया है। यह घोषणा ऐसे समय में आई है, जब पूरी दुनिया पारंपरिक उद्योगों से आगे बढ़कर ज्ञान, तकनीक और नवाचार आधारित अर्थव्यवस्था की ओर अग्रसर है। बिहार जैसे राज्य के लिए, जहाँ भूमि अधिग्रहण और भारी उद्योगों की स्थापना लंबे समय से एक बड़ी चुनौती रही है, AI आधारित विकास मॉडल एक व्यवहारिक और दूरदर्शी औद्योगिक रास्ता बन सकता है। बिहार की सबसे बड़ी ताकत उसकी युवा आबादी है। आज बिहार के लाखों युवा देश के प्रमुख IT केंद्रों–बेंगलुरु, हैदराबाद, पुणे, नोएडा–के साथ-साथ विदेशों में भी तकनीकी क्षेत्रों में कार्यरत हैं। आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, डेटा एनालिटिक्स और सॉफ्टवेयर डेवलपमेंट जैसे क्षेत्रों में बिहार के युवाओं की मौजूदगी यह साबित करती है कि प्रतिभा की कोई कमी नहीं है। समस्या केवल अवसरों की रही है। यदि ऐसे अवसर राज्य के भीतर उपलब्ध कराए जाएँ, तो यही युवा बिहार में रहकर राज्य के विकास में योगदान दे सकते हैं। ढ्ढ आधारित उद्योगों की सबसे बड़ी विशेषता यह है कि इनके लिए विशाल भूमि, भारी मशीनरी या प्रदूषणकारी कारखानों की आवश्यकता नहीं होती। यह उद्योग जमीन नहीं, बल्कि बुद्धि और कौशल पर आधारित है। तेज़ इंटरनेट, विश्वसनीय बिजली, आधुनिक डेटा सेंटर और प्रशिक्षित मानव संसाधन–यही इसकी मूल जरूरतें हैं। इस कारण बिहार जैसे घनी आबादी वाले और कृषि प्रधान राज्य के लिए AI क्षेत्र सबसे उपयुक्त औद्योगिक विकल्प बनकर सामने आता है, क्योंकि इससे भूमि अधिग्रहण से जुड़े विवादों की समस्या लगभग समाप्त हो जाती है।

भारत का डिजिटल सार्वजनिक ढांचा–आधार, यूपीआई, डिजिलॉकर, ऑनडीसी–आज वैश्विक स्तर पर सराहा जा रहा है। यह ढांचा AI आधारित नवाचार के लिए एक मजबूत आधार प्रदान करता है। बिहार यदि इस डिजिटल इकोसिस्टम का प्रभावी उपयोग शिक्षा, स्वास्थ्य, कृषि और शासन में करे, तो यह राज्य तकनीक आधारित समाधान विकसित करने में अग्रणी बन सकता है। कृषि के क्षेत्र में AI का उपयोग फसल रोग पहचान, उपज अनुमान, बाजार मूल्य विश्लेषण और सिंचाई प्रबंधन को अधिक वैज्ञानिक और लाभकारी बना सकता है, जिससे सीधे किसानों की आय पर सकारात्मक प्रभाव पड़ेगा। आर्थिक दृष्टि से भी AI आधारित विकास बिहार के लिए लाभकारी है। IT और AI सेक्टर में निवेश की लागत अपेक्षाकृत कम होती है। बिहार में कार्यालय किराया, आवास और संचालन लागत महानगरों की तुलना में काफी कम है। यही कारण है कि वैश्विक कंपनियाँ अब टियर-2 और टियर-3 शहरों की ओर तेजी से आकर्षित हो रही हैं। यदि बिहार स्पष्ट नीति, स्थिर प्रशासन और अनुकूल वातावरण उपलब्ध कराए, तो घरेलू और विदेशी निवेशकों के लिए यह एक आकर्षक गंतव्य बन सकता है।AI हब बनने से रोजगार के नए अवसर सृजित होंगे। प्रत्यक्ष रूप से तकनीकी नौकरियाँ और अप्रत्यक्ष रूप से परिवहन, आवास, सेवाओं और स्थानीय व्यापार से जुड़े रोजगार विकसित होंगे। इससे लंबे समय से चली आ रही 'ब्रेन ड्रेन' की समस्या कम होगी और 'ब्रेन गेन' की प्रक्रिया शुरू होगी। बिहार के युवाओं को अपने ही राज्य में सम्मानजनक और भविष्य-उन्मुख रोजगार मिलने का मार्ग प्रशस्त होगा। AI आधारित विकास शासन व्यवस्था को भी अधिक पारदर्शी और प्रभावी बना सकता है। शिकायत निवारण, भूमि रिकॉर्ड प्रबंधन, स्वास्थ्य सेवाओं, पुलिसिंग और प्रशासनिक निगरानी में AI के प्रयोग से न केवल कार्यकुशलता बढ़ेगी, बल्कि भ्रष्टाचार पर भी अंकुश लगेगा। इससे शासन और जनता के बीच विश्वास मजबूत होगा।

निश्चित रूप से चुनौतियाँ भी मौजूद हैं–बिजली आपूर्ति, उच्च गति इंटरनेट, व्यावहारिक तकनीकी शिक्षा और निजी निवेश को आकर्षित करना अभी भी बड़ी चुनौतियाँ हैं। लेकिन यदि सरकार, शैक्षणिक संस्थान और निजी क्षेत्र मिलकर एक स्पष्ट और दीर्घकालिक रोडमैप पर कार्य करें, तो इन चुनौतियों को अवसर में बदला जा सकता है। आज जब पूरी दुनियाAI की दिशा में आगे बढ़ रही है, बिहार के पास यह ऐतिहासिक अवसर है कि वह औद्योगिक पिछड़ेपन की छवि से बाहर निकलकर ज्ञान आधारित विकास का नया मॉडल प्रस्तुत करे। AI आधारित विकास मॉडल बिहार के लिए केवल तकनीकी परिवर्तन नहीं, बल्कि एक ऐसा नया औद्योगिक रास्ता है, जो राज्य को आत्मनिर्भर, रोजगार-समृद्ध और भविष्य के लिए तैयार बना सकता है।

**(लेखक—अरविंद सिंह, चिंतक एवं विश्लेषक)**



## नयागांव फोर लेन पर मवेशी को बचाने के क्रम में अल्टो कार के गड्ढे में पलटी, एक की मौत, दो जख्मी

**दैनिक खोज खबर/सोनपुर।** सोनपुर --छपरा निर्माणधीन फोरलेन के नयागांव थाना क्षेत्र के मधुकोन कंपनी के पास फोरलेन सड़क मार्ग पर छपरा की ओर से आ रही आल्टो कार जो हाजीपुर के तरफ जा रही थी, जहां अचानक सड़क मार्ग पर मवेशी आ गया जहाँ अल्टो कार चालक जो मवेशी को बचाने के क्रम में अनियंत्रित हों गया जिसके कारण गाड़ी गड्ढे में जाकर पलट गई. गाड़ी पलटने के बाद एक बड़ा हादसा हुआ.कार में सवार तीन लोग थे जिसमे एक 65 -70 वर्ष करीब बृद्ध की मौत हों गयी जबकि दो लोग जख्मी हों गये . इस घटना के बाद वहां चीख पुकार मच गया. लोगों की भीड़ एकत्रित हो गई.आसपास के लोगो ने दोनों जख्मी को अस्पताल में भेजा दिया. गाड़ी पूरी तरह से छतिग्रस्त हो गया है.लोगों ने इसकी सूचना नायगांव पुलिस को दी. घटना की सूचना मिलते ही नायगांव पुलिस दलबल के साथ घटना स्थल पर पहुंचकर मामले की तहकीकात में जुट गई है. पुलिस ने घायलों को हाजीपुर सदर अस्पताल में भेजा वही मृत व्यक्ति की पहचान वैशाली जिले के पातेपुर थाना के शेरपुर गांव के फूलचंद राय 65 -70 वर्ष की उम्र के करीब बताया गया है जबकि घायल पवन कुमार पिता सुरेंद्र शाह दूसरा मंजय कुमार पिता फूलचंद राय बताया गया है. थाना अध्यक्ष मनोज कुमार ने बताया कि मृतक को शव को कब्जे में लेते हुए पोस्टमार्टम के लिए हाजीपुर भेज दिया गया है वहीं घायलों का इलाज हाजीपुर सदर अस्पताल में चल रहा है. इस घटना की जानकारी मृतक के परिजनों को मिलते ही मृतक के परिवार जनों के रो-रो के बुरा हाल है.

## छपरा में मानवाधिकार जागरूकता को लेकर भव्य कार्यक्रम का आयोजन

**दैनिक खोज खबर/छपरा।** भारतीय मानवाधिकार एसोसिएशन के तत्वावधान में रविवार को शहर के राज किंगडम रिसॉर्ट में एक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य सारण जिले के आम नागरिकों को मानवाधिकारों के प्रति जागरूक करना और उन्हें उनके अधिकारों की जानकारी देना है। कार्यक्रम में जयप्रकाश विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. परमेंद्र कुमार बाजपेई, महराजगंज के सांसद जनार्दन सिंह सिग्रीवाल सहित जिले के कई प्रबुद्ध नागरिक, सामाजिक कार्यकर्ता और आम लोग भाग लेंगे।

कार्यक्रम की जानकारी देते हुए भारतीय मानवाधिकार एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष नागेश्वर तिवारी ने बताया कि आज भी समाज के बड़े वर्ग को अपने मूलभूत अधिकारों की सही जानकारी नहीं है। ऐसे में इस तरह के जागरूकता कार्यक्रम के माध्यम से आम लोगों को उनके मानवाधिकारों, कर्तव्यों और कानूनी प्रावधानों के बारे में समझाया जाएगा, ताकि वे किसी भी प्रकार के शोषण या अन्याय के खिलाफ आवाज उठा सकें। उन्होंने कहा कि मानवाधिकारों के प्रति जागरूकता समाज को सशक्त बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है और एसोसिएशन आगे भी इस तरह के कार्यक्रम आयोजित करती रहेगी।

## एटीएम की हेराफेरी कर लाखों की निकासी

**दैनिक खोज खबर/मशरक (सारण)।** मशरक नगर पंचायत क्षेत्र के हनुमानगंज गांव निवासी से एटीएम कार्ड की हेराफेरी कर लाखों रूपए की निकासी कर ली गई। मामले में हनुमानगंज गांव निवासी विश्वनाथ राय ने बताया वे महावीर चौक के पास पेट्रोल पंप के सामने वालें स्टेट बैंक के एटीएम से रूपये निकाल रहें थे। उसी दौरान वहां खड़े युवक ने एटीएम बदल हेराफेरी कर एक लाख 10 हजार रुपए की निकासी कर ली है। पुलिस को आवेदन देकर न्याय की गुहार लगाई गयी। हालांकि अब हर एटीएम सेंटर पर तैनात सिक्योरिटी गार्ड भी दिखाई नहीं देते। जिससे एटीएम ग्राहकों को सुरक्षा महसूस हो पाए।

## मशरक अंचल में लगे जनता दरबार में पहुंचे फरियादी



**दैनिक खोज खबर/मशरक (सारण)।** मशरक अंचल कार्यालय परिसर में शनिवार को भूमी विवादों के निपटारे को साप्ताहिक जनता दरबार आयोजित किया गया। सीओ सुमंत कुमार और थानाध्यक्ष रंजीत कुमार पासवान ने पहुंचे फरियादियों की भूमी विवादों की समस्याओं को देखा। सीओ सुमंत कुमार ने बताया कि पहले से 24 मामले लंबित थें जिन पर सुनवाई करते हुए 3 मामले का निपटारा किया गया, वहीं 2 मामला नया दर्ज कराया गया जिसे रजिस्ट्रेशन कर लिया गया।

## मशरक में टी एल एम मेले का हुआ आयोजन

**दैनिक खोज खबर/मशरक (सारण)।** मशरक के के बी जी उच्च विद्यालय परिसर में संकुल में टी एल एम मेले का आयोजन किया गया। जिसमें संकुल के सभी विद्यालय के शिक्षको व प्रधानाध्यापको ने भाग लिया।मेले में बच्चों को गुणवत्तापूर्ण व सहजता से शिक्षण हेतु शिक्षको ने अलग अलग तरीके से आसानी से उपलब्ध सामग्री के सहारे टी एल एम का निर्माण किया।जिसका बारी- बारी से शिक्षको ने प्रदर्शन किया। शिक्षको द्वारा बनाए गए टी एल एम का वरीय बी आर पी व वरिष्ठ शिक्षको द्वारा अवलोकन किया गया। अवलोकन के पश्चात श्रेष्ठ टी एल एम को चयनित किया गया, जिन्हें प्रखंड स्तरीय टी एल एम मेले में भेजा जाएगा। तत्पश्चात उपस्थित सभी छात्र-छात्राओं ने टी एल एम मेले में प्रदर्शित टी एल एम को देखा और आनंद लिया। मेले में धर्मेन्द्र कुमार, संचालक मुन्ना कुमार मिश्रा, निर्णायक मंडल मे संजय कुमार गुप्ता, अरुण कुमार पाठक, कृष्णा राम कार्यक्रम मे संकुल के सभी प्रधानाचार्य एवं शिक्षक के साथ विभिन्न विद्यालयों के छात्र छात्राओं ने भी भाग लिया। वहीं इस अवशर पर दिवाकर कुमार, पंकज कुमार संजीब कुमार गुरिया कुमारी कविता पटेल, प्रकाश कुमार राहुल कुमार उपस्थित रहे।

## पांच दिवसीय हनुमंत पूजनोत्सव का भव्य जुलूस से समापन

**दैनिक खोज खबर/मशरक (सारण)।** मशरक के पुराने रेलवे स्टेशन परिसर में आयोजित 5 दिवसीय हनुमंत पूजनोत्सव का शनिवार को भव्य जुलूस से समापन हुआ। जूलूस में जय श्री राम, जय हनुमान आदि देवी देवताओं के जयकारे के बीच पारंपरिक हथियारों के साथ सैकरो युवक भगवान महावीर के विसर्जन जुलूस में सैकड़ों युवक चल रहे थे। समापन की मौके पर गाजे-बाजे के साथ निकली विसर्जन जुलूस में युवा वर्ग काफी उत्साह व उमंग के साथ जयकारे लगाते चल रहे थे। मौके पर नगर पंचायत के उपमुख्य पार्षद प्रतिनिधि अमित कुमार सिंह, विनोद कुमार गुप्ता, रंजन कुमार सोनी, विकास गुप्ता, शिव शंकर गुप्ता, सुंदरम गुप्ता, कुमार शिवम, राजा गुप्ता मुख्य रूप से शामिल रहे। कार्यक्रम स्थल से निकला जुलूस मशरक नगर का भ्रमण करते हुए सतिवारतीर घोघारी नदी घाट पर पहुंचा जहां पंडित नंदकुमार तिवारी के वैदिक मंत्रोच्चार कर के साथ भगवान हनुमान के प्रतिमा का विसर्जन कराया।

# एनडीए पदाधिकारियों की बैठक में नवनिर्वाचित विधायक का हुआ अभिनंदन



**दैनिक खोज खबर/सोनपुर।** सोनपुर प्रखंड के अंतर्गत गोपालपुर पंचायत के ग्राम विकास फाउंडेशन महाबीर मठ महदलीचक के तत्वावधान मे आयोजित सोनपुर सदर भाजपा पश्चिमी मंडल के एनडीए कार्यकर्ताओ व पदाधिकारीयो की बैठक शनिवार को मंडल भाजपा अध्यक्ष संजीत कुमार चौरसिया के अध्यक्षता मे आयोजित की गयी।बैठक की शुरुआत होने से पूर्व मंडल भाजपा के नेताओ व पंचायत मुखिया व स्थानीय ग्रामीणों ने महावीर मठ महदलीचक के प्रांगण मे नवनिर्वाचित विधायक विनय कुमार सिंह को गाजे बाजे व फुल माला अंग वस्त्र देकर गर्म जोशी से स्वागत अभिनंदन किया। विधायक ने मंदिर के प्रांगण मे पहुंच कर सर्व प्रथम महावीर जी का पूजा अर्चना किया.तत्पश्चात सभी उपस्थित एनडीए कार्यकर्ताओ व स्थानीय ग्रामीणों का अभिवादन किया एवं विधानसभा चुनाव मे प्रचंड जीत दिलाने पर आभार प्रकट किया। बैठक मे पार्टी को और सशक्त व मजबूत बनाने के साथ साथ प्रदेश से निर्देशित कार्यो का निष्पादन करने का कई तरह का निर्देश व सुझाव दिया। उन्होने दो चार दिन के अंदर संबंधित अनुमंडल व प्रखंड स्तर के सभी सरकारी विभागों के पदाधिकारियों के साथ बैठक कर क्षेत्र के विधि व्यवस्था को चुस्त दुरुस्त करने व विकास को गति प्रदान करने के लिए शीघ्र निर्देशित करेगे ऐसा लोगो को भरोसा दिये और बोले कि किसी भी ग्रामीण को कोई समस्या हो तो मुझसे संपर्क कर सकते है. मै जनता के सेवक हूँ.मै काम करने के लिए बैठा हू। बैठक का संचालन विमल कुमार चौरसिया जबकि कार्यक्रम का समापन रवि रंजन सिंह सोनु ने किया। मौके पर बिहार प्रदेश जदयू के पूर्व महासचिव त्रिलोकी नाथ सिंह, महाबीर मठ के अध्यक्ष मनोज सिंह, मुखिया नरोत्तम सिंह, विधानसभा पालक शैलेन्द्र प्रसाद सिंह, ठाकुर अमरेंद्र सिंह, रवींद्र नाथ सिंह, मंडल महामंत्री अनील सिंह, मुकेश कुमार सिंह, रवि रंजन सिंह सोनु, राजकुमार माझी, जदयू नेता रवि मोहन सिंह, लोजपा अध्यक्ष अनील सिंह मंडल उपाध्यक्ष शशिकांत ओझा सहित भारी संख्या मे स्थानीय ग्रामीण लोग मौजूद थे।

## शोभेपुर भीषण चोरीकांड में पहुचें मढ़ौरा डीएसपी, एसआईटी गठित

**दैनिक खोज खबर/ भेल्दी(सारण)।** स्थानीय थाने के शोभेपुर गांव में सेवानिवृत्त प्रधानाध्यापक योगेन्द्र प्रसाद यादव के घर हुई 50 हजार नगदी समेत लाखों के जेवर की चोरी के मामले में पुलिस जांच तेज हो गई है।चोरी कांड के बाद विशेष जांच टीम (एसआईटी) ने मामले में कई अहम सुराग जुटाए हैं और लगातार संदिग्धों से पूछताछ की जा रही है। मढ़ौरा डीएसपी नरेश पासवान ने शनिवार को शोभेपुर गांव में पहुंच गृहस्वामी से पुछताछ की।पुलिस साक्ष्यों और स्थानीय इनपुट के आधार पर जांच-पड़ताल शुरू कर दी है।इस मामले में एसआईटी गठित की गई है। एसआईटी का नेतृत्व मढ़ौरा इंस्पेक्टर कर रहे हैं। टीम ने घटनास्थल के आस-पास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगालने के साथ-साथ संदिग्ध आवाजाही वाले मार्गों की पहचान की है। छत के सहारे घर में प्रवेश और केवल कीमती सामान को निशाना बनाए जाने के तरीके को देखते हुए पुलिस इसे पेशेवर चोर मानकर जांच कर रही है।शनिवार को मढ़ौरा डीएसपी नरेश पासवान द्वारा दिए गए दिशा-निर्देशों के बाद एसआईटी की कार्रवाई और तेज कर दी गई है। पुलिस ने कुछ लोगों को हिरासत में लेकर उनसे गहन पूछताछ शुरू की है। हालांकि, पुलिस ने अभी तक किसी की गिरफ्तारी की अधिकारिक पुष्टि नहीं की है। सूत्रों का कहना है कि पूछताछ के दौरान कुछ महत्वपूर्ण जानकारियां सामने आई हैं, जिसके आधार पर आगे की कार्रवाई की जा रही है। इस बीच शोभेपुर गांव समेत आसपास के इलाकों में पुलिस की सक्रियता बढ़ा दी गई है। रात्रि गश्ती में इजाफा किया गया है और संदिग्ध गतिविधियों पर नजर रखी जा रही है। ग्रामीणों का कहना है कि इतनी बड़ी चोरी की घटना से लोगों में भय व नाराजगी बनी हुई है। लोग जल्द से जल्द अपराधियों की गिरफ्तारी की मांग कर रहे हैं। पुलिस प्रशासन ने भरोसा दिलाया है कि मामले की जांच पूरी पारदर्शिता और गंभीरता के साथ की जा रही है। एसआईटी को जल्द ही चोरीकांड का खुलासा करने का निर्देश दिया गया है। अधिकारियों का कहना है कि जैसे ही जांच पूरी होगी, दोषियों के खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

*भेल्दी के शोभेपुर में हुई चोरी की घटना को पुलिस प्रशासन ने काफी गंभीरता से लिया है। मामले के त्वरित उद्भेदन के लिए एसआईटी का गठन किया गया है, जिसका नेतृत्व मढ़ौरा इंस्पेक्टर कर रहे हैं। जल्द इस मामले का खुलासा कर लिया जाएगा।*

**-नरेश पासवान, डीएसपी, मढ़ौरा**

## सोनपुर वाटिका पार्क का विधायक ने किया उद्घाटन

**दैनिक खोज खबर/ सोनपुर।** सोनपुर अनुमंडल कार्यालय व कृषि भवन के बीच वार्ड 12 में नगर विकास एवं आवास विभाग के अंतर्गत बिहार सरकार सोनपुर नगर परिषद द्वारा निर्मित सोनपुर वाटिका पार्क का उद्घाटन सोनपुर विधायक विनय कुमार सिंह ने फीता काटकर विधिवत उद्घाटन किया । उद्घाटन के उपरांत आम जनता को समर्पित करते हुए विधायक ने शुक्रवार को कहा कि सोनपुर में यह पहला पार्क बना है. यहां पार्क 75000 वर्ग फीट में बनकर तैयार हुआ है. पार्क के निरीक्षण के दौरान कुछ स्थान पर टूटी टाइल्स देखकर विधायक ने कहा कि कार्य में गुणवत्ता होनी चाहिए साथ ही निर्माण की प्रक्रिया का खर्च का पूरा व्योरा जनता को दिखानी चाहिए. इस पार्क को साफ सफाई और सुंदर सुशोभित बनाए रखें. जनप्रतिनिधि ईमानदार होंगे तभी अधिकारी और कर्मी अपना नेक नीति से कार्य करेंगे। उन्होंने कहा कि शहरी विकास मद के लिए पैसे की कोई कमी नहीं है जरूरत सिर्फ इतनी है की योजनाएं समय पर धरातल पर उतरे. अधिकारी अपनी कार्य शैली में बदलाव लाये.जनता के कार्य हर हाल में समय से पूर्ण करें। सोनपुर नगर पंचायत से अब नगर परिषद का दर्जा मिल गया है.सोनपुर विकसित की ओर बढ़ रहा है. पार्क को स्वच्छ एवं सुंदर बनाए रखने के लिए सभी का दायित्व बनता है. वही पूर्व नगर अध्यक्ष अमजद हुसैन ने मंच से उपस्थित लोगो को बताया कि इस पार्क के निर्माण अगस्त 2021 में नगर पंचायत ने इसके निर्माण की लागत 48 लाख रुपया रखा था जो वर्तमान में हर आयु वर्ग के लोगों को अपनी ओर खींचने के लिए इस पार्क में सभी सुख सुविधाओं से लैस बनाने व पार्क को तैयार करने में 4 वर्ष से उपर लग गए हैं. कहा कि पार्क के अंदर जगह-जगह बैठने की सुविधा,सेल्फी पॉइंट, कैफे, चिल्ड्रन जॉन,जिम, एक से बढ़कर एक फूल -पौधे लगे हुए हैं आकर्षक लाइट, झूला, खिलौना, योगभ्यास, व्यायाम की व्यवस्था, सुबह- शाम टहलने, स्वच्छ वातावरण से सुशोभित यह पार्क है। वहीं नगर कार्यपालक पदाधिकारी शशि कुमार ने कहा कि सोनपुर में यह पहला पार्क है. इस पार्क के निर्माण में 3 कार्यपालक पदाधिकारी व दर्जनों वार्ड पार्षद और समाजसेवी के अलवा आम जनता के सहयोग से पार्क का निर्माण हुआ है.स्वास्थ व्यवस्था, विकास,मनोरंजन और प्राकृतिक सौंदर्य को केंद्र में रखकर यह पार्क का निर्माण कराया गया है. पार्क सुबह 6~ से शाम 7~ तक निः शुल्क खुला रहेगा.भविष्य में मेंटेनेंस को सुदृढ़ करने के लिए नाम मात्र का शुल्क लिया जा सकता है। मौके पर अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी प्रीतेश कुमार ,सीओ राजकुमार,नगर अध्यक्ष अजय शाह , नगर उपाध्यक्ष अंजली कुमारी ,नगर जेई मनोरंजन कुमार ,सभी वार्ड पार्षद, भाजपा नगर अध्यक्ष मुकेश सिंह, अनिल सिंह, घनश्याम सिंह, सुधीर सिंह टुड्ढ,सर्वनंद सिंह, वार्ड 12 के पार्षद कृष्णानंद सिंह, गोपाल सिंह,नकुल सिंह,राहुल सिंह, रणधीर सिंह,सहित सैकड़ो गणमान्य लोग मौजूद रहे।

## एकमा अंचल कार्यालय में आयोजित जनता दरबार में 8 नए मामलों की हुई सुनवाई, तीन पुराने मामले का निष्पादन



**दैनिक खोज खबर/ रसूलपुर(एकमा)-** अंचल कार्यालय एकमा में शनिवार को साप्ताहिक जनता दरबार का आयोजन किया गया. जिसमें अंचलाधिकारी अमलेश कुमार ने फरियादियों की शिकायतें सुनीं. जनता दरबार के दौरान कुल 8 नए आवेदन प्राप्त हुए, जबकि पूर्व से लंबित 6 मामलों की भी समीक्षा की गई.समीक्षा के क्रम में 6 पुराने आवेदनों में से 3 मामलों का निष्पादन कर दिया गया, वहीं शेष 3 मामलों में संबंधित पक्षों को नोटिस जारी किया गया. अंचलाधिकारी ने संबंधित राजस्व कर्मियों को लंबित मामलों का शीघ्र निष्पादन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया.जनता दरबार के दौरान राजस्व कर्मचारी प्रमोद कुमार के अलावा एकमा, रसूलपुर थाना की पुलिस व फरियादी की भी मौजूद रहे. जिससे विधि-व्यवस्था बनाए रखने के साथ शिकायतों की सुनवाई शांतिपूर्ण माहौल में संपन्न हो सकी.

## भेल्दी : शिक्षक के घर व ज्सेवेलरी दुकानों से लाखों की चोरी का उद्भेदन पुलिस के लिए चुनौती !

**दैनिक खोज खबर/ भेल्दी(सारण)।**भेल्दी थाना क्षेत्र में अक्सर चोरी की घटनाए घटती रहती है मगर इस बार रिटायर्ड शिक्षक योगेन्द्र प्रसाद यादव के घर हुई भीषण चोरी की घटना भेल्दी में अब तक की सबसे बड़ी घटना मानी जा रही है।लोगों का मानना है कि इतनी भीषण चोरी सालों पहले कभी नहीं हुई थी। बताते चलें कि भेल्दी थाना क्षेत्र में एक सप्ताह के भीतर चोरी की दो बड़ी घटनाएं घटित हुई और पुलिस को अब तक कोई सुराग नहीं मिल सका।4 दिसंबर को भेल्दी थाने के अमनौर रोड के सोनहो बाजार स्थित दो आभूषण दुकानों का शटर काटकर नगदी समेत लाखों के जेवर की चोरी कर ली गई।भेल्दी थाने के सोनहो निवासी आर के अलंकार के मालिक रंजीत प्रसाद अपने सोनहो बाजार के आभूषण दुकान को बंद कर एक बारात मे चले गए थे तभी रात्रि में चोर दुकान का शटर काटकर लॉकर को तोड़कर 28 हजार रुपए नगद दो किलो चांदी व सौ ग्राम सोने की चोरी कर ली।चोरो ने उसी रात बगल के दुकान मुस्कान ज्वेलर्स के शटर को काटकर लॉकर से नगदी समेत लाखो के जेवर की चोरी कर ली।आभूषण दुकानदार मनीष गुप्ता ने बताया कि चोरो ने दुकान से 14 हजार रुपए नगद एक किलो चांदी व 25 ग्राम सोने की चोरी कर फरार हो गए।11 दिसंबर की रात चोरों ने शोभेपुर गांव के रिटायर्ड शिक्षक योगेन्द्र प्रसाद यादव के पार्वती सदन मे घूसकर 50 हजार नगद समेत 50 लाख से अधिक के जेवर व वर्तन की चोरी कर फरार हो गए।इस भीषण चोरी के बाद शिक्षक के घर रून्दन-क्रन्दन मचा हुआ है।15 सितंबर को भेल्दी गांव के मछली व्यवसायी सुनील कुमार साह व लक्ष्मण साह के घर से चोरो ने 1.40 लाख नगदी समेत लाखो के जेवर की चोरी कर ली।भेल्दी मे चोरी की इन भीषण वारदातो को पुलिस चुनौती के रूप में स्वीकार की है मगर अब तक दोनों घटनाओं का उद्भेदन करने मे सफलता हासिल नहीं कर सकी है।

## मशरक नगर पंचायत की योजनाओं में मची लूट पर मंत्री को ज्ञापन

**दैनिक खोज खबर/मशरक (सारण)।** मशरक नगर पंचायत क्षेत्र में सरकारी योजनाओं को धरातल पर उतारने में मची लूट को लेकर वार्ड पार्षदों के एक शिष्टमंडल ने पटना में नगर विकास एवं आवास मंत्री नितिन नवीन से मुलाकात की और एक ज्ञापन सौंपा। वार्ड पार्षदों में वार्ड पार्षदों में अवधेश सिंह, बेकेश राम, चन्द्र प्रकाश, नईमुदीन अंसारी, वार्ड पार्षद प्रतिनिधि दीपक ओझा, दिनेश कुमार, सुरज राम , ओमप्रकाश राय, उमाशंकर राय, कमलेश सिंह, रंजन सिंह शामिल रहें। वार्ड पार्षदों ने मंत्री को ज्ञापन सौंपा और नगर पंचायत क्षेत्र के वार्डों में सफाई कंपनी की मनमानी, स्ट्रीट लाइट, डस्टबीन और हाई मास्क लाइट और



साइनेज बोर्ड की खरीदारी में धांधली और सभी समानों की गुणवत्ता की जांच की मांग की। अन्य सफाई एजेंसी की सफाई व्यवस्था में मनमानी पर अंकुश लगाने की मांग की गयी। वहीं आवास योजना में जबरदस्त धांधली की गयी हैं, बिना छत वालें का फार्म गायब हो गया, वहीं पक्के मकान, दो तल्ले वालें को आवास योजना से लाभान्वित किया गया है।

## उत्क्रमित उच्चतर माध्यमिक विद्यालय अनवल में कोपा पुलिस ने बच्चो को किया जागरूक



**दैनिक खोज खबर/ जलालपुर(सारण)।** सारण पुलिस के निर्देशानुसार ÷नो योर पुलिस ÷के तहत कोपा थाना पुलिस ने उत्क्रमित उच्चतर माध्यमिक विद्यालय अनवल में बच्चों के बीच जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया।थाना अध्यक्ष पिंटू कुमार ने बच्चों को बिहार में हो रहे मोबाइल फोन और व्हाट्सएप मैसेज के माध्यम से साइबर ठगी, तथा छोटे बच्चों में नशे का दुष्प्रभाव, मोबाइल की लत, और रेस ड्राइविंग, यातायात नियमों के बारे में एवं पुलिस की नकारात्मक छवि के बारे में जागरूक किया। उन्होने बच्चों से कुछ प्रश्न भी किए इस दौरान वे एक शिक्षक की भूमिका निभाते हुए नजर आए। उत्कृष्ट जवाब देने वाले छात्र छात्राओं को सम्मानित किया। वही कोपा थाना एस आई सुनीता कुमारी ने कहा कि पुलिस से डरना नहीं है पुलिस को अपना मित्र समझना है लड़कियों को मोबाइल पर अपनी प्राइवेट फोटो इधर उधर भेजना और अनजान लोगों से बातचीत करने से भी सावधान रहने की जरूरत है। अगर आपके साथ कोई भी दिक्कत परेशानी आती है तो आप अपने महिला पुलिस मित्र से मिल सकती हैं, आपकी बात गोपनीय रखी जाती हैं, महिला पुलिस मित्र सुनीता कुमारी की बातों से छात्राएं काफी उत्साहित नजर आई। मौके पर प्रधानाध्यापक कुमार सुशांत, शिक्षक शत्रुघ्न साह, कन्हैया कुमार, विनोद राय, राकेश कुमार, गजेंद्र चौपाल,दिनेश पंडित, कुंदन कुमार, सृष्टि कुमारी, सुनीता कुमारी, मनोरमा कुमारी, पूनम कुमारी, अलका कुमारी, गार्ड कन्हैया शर्मा सहित सभी शिक्षक और कोपा थाने के अन्य पुलिस कर्मी भी मौजूद रहे।

## नए डीएम वैभव श्रीवास्तव ने मांझी प्रखंड सह अंचल कार्यालय का किया औचक निरीक्षण



**दैनिक खोज खबर/मांझी (सारण)।** सारण के नए डीएम वैभव श्रीवास्तव द्वारा शनिवार को मांझी प्रखंड सह अंचल कार्यालय तथा सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र के अलावा मांझी एवं कौरूधौरू पैक्स का औचक निरीक्षण किया गया। लगभग ढाई घण्टे के अपने निरीक्षण के दौरान डीएम ने प्रखंड एवं अंचल कार्यालय को पूर्ण रूप से साफ सुथरा रखने तथा सभी संचिकाओं एवं अभिलेखों को व्यवस्थित ढंग से संधारित करने का निदेश दिया। डीएम ने आवास सहायकों के कार्यों का प्रतिदिन पर्यवेक्षण करने का बीडीओ को निर्देश दिया। दाखिल खारिज, परिमार्जन तथा भूमि की मापी से सम्बंधित सभी लंबित आवेदनों को एक माह के अंदर शत प्रतिशत निष्पादित करने का उन्होंने सीओ सौरभ अभिषेक को निदेश दिया। प्रखंड कार्यालय परिसर में एक कमरा चिह्नित कर वीएलई को बैठाकर सभी सम्बन्धित आवेदनों को कार्यालय में ही आवेदकों से लेने की प्रक्रिया प्रारंभ करने का उन्होंने सख्त निर्देश दिया। भूमि सम्बन्धी विभिन्न सेवाओं के आवेदनों को जमा करने हेतु निर्धारित सरकारी दर तालिका को बड़े बैनर के माध्यम से उक्त स्थल पर प्रदर्शित करने का निर्देश दिया गया। डीएम ने सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में चिकित्सकों को रोस्टर का सही ढंग से अनुपालन करने का स्पष्ट निदेश दिया गया। कौरु-धौरु पैक्स गोदाम के निरीक्षण के क्रम में डीएम ने पैक्स अध्यक्ष बीरेन्द्र सिंह एवं प्रखंड सहकारिता पदाधिकारी को धान अधिप्राप्ति के कार्य में और तेजी लाते हुए लक्ष्य के अनुरूप शत प्रतिशत धान का क्रय कराने एवं मौके पर मौजूद प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी, मनरेगा मांझी को उक्त पैक्स गोदाम के बगल में अवस्थित ग्रामीण सड़क को मनरेगा योजना के माध्यम से अविलंब ईंट सोलिंग कर पथ का निर्माण कार्य पूर्ण कराने का निर्देश दिया गया। डीएम ने अंचलाधिकारी मांझी एवं थानाध्यक्ष मांझी द्वारा आयोजित शनिवारीय जनता दरबार की प्रक्रिया में स्वयं शामिल होकर सुनवाई प्रक्रिया का बारीकी से निरीक्षण किया गया। डीएम के औचक निरीक्षण के दौरान सरकारी कार्यालयों में अफरातफरी का माहौल बना रहा तथा कर्मी फाइल लेकर घण्टों इधर से उधर दौड़ लगाते रहे।

## पानापुर में टी एल एम मेले का हुआ आयोजन

**दैनिक खोज खबर/पानापुर (सारण)।** शनिवार को पानापुर प्रखंड अंतर्गत टोटहां जगतपुर उच्च माध्यमिक विद्यालय संकुल में टी एल एम मेले का आयोजन किया गया।जिसमें संकुल के सभी विद्यालय के शिक्षको व प्रधानाध्यापको ने भाग लिया।मेले में बच्चों को गुणवत्तापूर्ण व सहजता से शिक्षण हेतु शिक्षको ने अलग अलग तरीके से आसानी से उपलब्ध सामग्री के सहारे टी एल एम का निर्माण किया।जिसका बारी-बारी से शिक्षको ने प्रदर्शन किया। शिक्षको द्वारा बनाए गए टी एल एम का वरीय बी आर पी व वरिष्ठ शिक्षको द्वारा अवलोकन किया गया। अवलोकन के पश्चात श्रेष्ठ टी एल एम को चयनित किया गया, जिन्हें प्रखंड स्तरीय टी एल एम मेले में भेजा जाएगा। तत्पश्चात उपस्थित सभी छात्र-छात्राओं ने टी एल एम मेले में प्रदर्शित टी एल एम को देखा और आनंद लिया।मेले में संकुल समन्वयक सुनिल कुमार मांझी,संचालक पूजा कुमारी,कविन्द्र रेणु,नवल किशोर राय,अजय यादव, रामाशंकर यादव,सुमन कुमार,रौशन कुमार,विभा कुमारी, मिथलेश कुमार, अभिषेक कुमार,अमरेन्द्र कुमार,अभय कुमार,मंतोष कुमार,रीना कुमारी,प्रीति कुमारी,शैलेश कुमार व आलोक कुमार सहित दर्जनों शिक्षक शिक्षिका व सैकड़ो छात्र छात्राएं उपस्थित थे।




## सीवान नगर थाना में आपके द्वार कार्यक्रम के तहत एसपी ने जनता की सुनी फरियाद



**परवेज अख्तर/सीवान।** आम जनता की सुविधा को और बेहतर बनाने के लिए पुलिस महानिदेशक के निर्देशानुसार जिला पुलिस द्वारा आपके द्वार कार्यक्रम के तहत दूसरे दिन शनिवार को पुलिस अधीक्षक विक्रम सिहाग नगर थाना पहुंचे। इस दौरान एसपी ने नगर थाना में दो घंटे तक मौजूद रहकर क्षेत्र की समस्याओं को शांति समिति के सदस्य व आम लोगों की जुबानी सुनी और उसके समाधान को लेकर त्वरित कार्रवाई की। उन्होंने क्षेत्र के लोगों के साथ सीधा संवाद किया और उन्हें विभिन्न मुद्दों पर जागरूक किया। उपस्थित लोगों से अपील की गई कि वे आपसी मेलजोल बनाए रखें और विवादों से बचें किसी भी प्रकार का संदेह होने पर तुरंत डायल 112 पर काल करने या स्थानीय पुलिस को सूचना देने को कहा गया। उन्होंने कानून को हाथ में न लेने और शांति व भाईचारा बनाए रखने पर जोर दिया। इस दौरान लोगों ने अतिक्रमण मुक्त क्षेत्र की मांग भी प्रमुखता से उठाई । वहीं शांति समिति के सदस्यों ने एसपी से शहर के दुकानों में हो रही चोरी का मुद्दा उठाया जिस पर एसपी ने रात्रि गश्त व पैदल गश्त बढ़ने की बात कही।

## सीवान- अनाधिकृत रूप से यात्रा कर रहे 11 व्यक्ति गिरफ्तार

**परवेज अख्तर/सीवान।** ट्रेन के महिला कोच में अनाधिकृत रूप से यात्रा कर रहे 11 व्यक्तियों को आरपीएफ ने गिरफ्तार कर कार्रवाई की है। इस संबंध में आरपीएफ इंस्पेक्टर सुभाष चंद्र यादव ने बताया कि शनिवार को जंक्शन पर रेलवे सुरक्षा बल द्वारा रेल अधिनियम अभियान के तहत गाड़ी संख्या 55105 की प्लेटफार्म संख्या एक पर आगमन के समय उक्त गाड़ी के महिला कोच को चेक करने पर उसमें यात्रा कर रहे अनाधिकृत रूप से 11 व्यक्तियों को गिरफ्तार किया गया। उनके विरुद्ध रेल अधिनियम की धारा 162 के तहत बल पोस्ट पर प्राथमिकी पंजीकृत किया गया। गिरफ्तार में दारौंदा थाना क्षेत्र के सिरसाव निवासी अरविंद कुमार, मुफस्सिल थाना क्षेत्र के जियाय निवासी मानचंद राम, दारौंदा निवासी कुंदन कुमार, बसंतुपर निवासी नौसर आलम, अमन कुमार, सारण जिला के पानापुर थाना क्षेत्र के सहजौरा निवासी राजू कुमार, गोपालगंज जिला के विशंभरपुर थाना क्षेत्र निवासी राज पटेल, दारौंदा निवासी उत्तम राम, हरिशंकर राम, भगवानपुर निवासी दिनेश राम व महाराजगंज निवासी सुंदरम कुमार है।

## तरवारा : दो युवक की गला रेत कर निर्मम हत्या, बोरा में बंद कर शव पानी में फेंक

**परवेज अख्तर/सीवान।**जीबी नगर थाना क्षेत्र के पिपरा गांव के चंवर स्थित खाड़ी के पास ददवा पुल के नीचे पानी से शनिवार की दोपहर चोकर के बोरा में बंद दो शव को पुलिस ने बरामद किया। दोनों शव की गला रेत निर्मम हत्या की गई थी। सूचना मिलते ही काफी संख्या में ग्रामीणों की भीड़ एकत्रित हो गई। पुलिस ने दोनों शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम हेतु सदर अस्पताल भेज दिया। देर शाम तक दोनों शव की शिनाख्त नहीं हो सकी थी, मृत युवकों की उम्र 30 के करीब थी। इधर घटना के बाद क्षेत्र में सनसनी फैल गई। घटना की सूचना मिलते ही मौके पर सदर एसडीपीओ अजय कुमार सिंह अपने-अपने दल बल के साथ पहुंच गए। वहीं पुलिस जांच में जुट गई है। घटना को लेकर लोगों में तरह तरह की चर्चाओं का बाजार गर्म था। स्थानीय लोगों ने बताया कि घटनास्थल सुनसान क्षेत्र है। जिससे लोगो को यहां आना जाना कम रहता है। शनिवार की दोपहर जब ग्रामीण खेत में काम करने आये तो पुल के नीचे दो बोरा में बंद शव को देख कर इसकी सूचना गांव व स्थानीय पुलिस को दी। शव मिलने की सूचना मिलते ही थानाध्यक्ष मिहिर कुमार, अवर निरीक्षक आशुतोष रंजन ने पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंच कर शव को बोरे से निकाल कर पंचनामा करते हुए पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया।



## बोलेरो की टक्कर से बाइक सवार की मौत

**सिवान।** मुफस्सिल थाना क्षेत्र के करमली हाता में शुक्रवार की देर रात तेज रफ्तार बोलेरो ने बाइक सवार को धक्का मार दिया। जिससे बाइक सवार की घटनास्थल पर मौत हो गई। स्थानीय लोगों ने घायल बाइक सवार को इलाज के लिए सदर अस्पताल में भर्ती कराया, जहां डाक्टर ने मृत घोषित कर दिया। घटना के बाद बोलेरो चालक गाड़ी लेकर फरार हो गया। मृतक की पहचान करमली हाता निवासी रामायण साह के पुत्र दीनानाथ साह के रूप में हुई है। मिली जानकारी के अनुसार दीनानाथ शुक्रवार की देर रात बाइक लेकर किसी कार्यक्रम में जा रहा था। अभी गांव से निकल ही रहा था तब तक तेज रफ्तार बोलेरो ने टक्कर मार दी। जिससे घटना स्थल पर ही उसकी मौत हो गई। इस मामले में मुफस्सिल थानाध्यक्ष राजू कुमार ने बताया कि शव का पोस्टमार्टम करा कर स्वजनों को सौंप दिया गया है। स्वजनों द्वारा अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ प्राथमिकी के लिए आवेदन दिया गया है।

## सड़क दुर्घटना में बाइक चालक सहित तीन घायल

**सिवान-** पचरूखी थाना क्षेत्र के सुपौली बाजार के समीप शनिवार की दोपहर बोलेरो व बाइक में टक्कर हो गई। जिसमें बाइक चालक सहित तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को स्थानीय लोगों की मदद से इलाज के लिए सदर अस्पताल लाया गया, जहां उनका इलाज चल रहा है। घायलों की पहचान सुपौली निवासी बबलू कुमार, बोधा छपरा निवासी जीतन कुमार व मछुआरी निवासी नवीन कुमार के रूप में हुई है। वहीं स्थानीय लोगों ने इसकी सूचना पुलिस को दी। सूचना मिलते ही थानाध्यक्ष प्रमोद कुमार पर मौके पर पहुंचकर मामले की जांच में जुट गए। बता दें कि तीनों युवक बाइक से किसी रिश्तेदारी से आ रहे थे, तभी टक्कर हो गई। गांव के लोगों के अनुसार धक्का मारने वाला वाहन किसी पदाधिकारी का था।

-

# शराब तस्करों ने भागने के दौरान पुलिस जवान को रौंदा, मौत

**सिवान।** सिवान के मुफस्सिल थाना क्षेत्र के छोटपुर गांव में शनिवार की अलसुबह शराब तस्करों ने भागने के दौरान बीएमपी जवान को कुचल दिया, जिसे घटनास्थल पर ही जवान की मौत हो गई। घटना के बाद शराब तस्कर फरार होने में सफल रहे। स्थानीय पुलिस ने उन्हें इलाज के लिए सदर अस्पताल लाया जहां डाक्टर ने जवान को मृत घोषित कर दिया। बीएमएपी जवान सराय थाना में पदस्थापित थे। मृत जवान की पहचान रोहतास जिले के अमरेर थाना क्षेत्र के सेमरा निवासी सह बीएमएपी -टू डेहरी जवान 762 मधुप कुमार के रूप में हुई है। हालांकि पुलिस ने अज्ञात वाहन की चपेट में आने से मौत की जानकारी दी है। सूचना प्रेषण तक पोस्टमार्टम की प्रक्रिया चल रही थी और मामले में प्राथमिकी नहीं हो सकी थी। जानकारी के अनुसार सराय थाना की पुलिस अपने सरकारी वाहन से शराब तस्करों को पकड़ने के लिए पीछा कर रही थी, तभी बीएमएपी जवान ने सड़क पर खड़ा होकर वाहन को रोकने का प्रयास किया लेकिन तेज रफ्तार वाहन के चालक ने जवान को कुचल दिया। घटना के सूचना मिलते ही सदर एसडीपीओ अजय कुमार सिंह, मुफस्सिल थानाध्यक्ष राजू कुमार, नगर इंस्पेक्टर विजय कुमार चौधरी सहित अन्य पुलिस पदाधिकारी पहुंचकर मामले की जांच में जुट गए। मृत जवान के बड़े भाई दिलीप ने सिवान पुलिस टीम पर साजिश के तहत हत्या का आरोप लगाया है। उन्होंने कहा कि शनिवार की सुबह सात बजे मधुप कुमार के साथी जवान ने फोन किया कि एक घटना में उसकी मौत हो गई। जब हमलोग सिवान पुलिस ने बात किए तो कभी शराब का पीछा करने तो तभी कोहरा होने से घटना बताया जा रहा था। मेरे भाई की एक साजिश के तहत हत्या की गई है, वह एक माह पूर्व सिवान आया था। जब सराय थाना में गया तो उसे कई परेशान हो रही थी, जिसकी शिकायत उसने की थी। इसके बाद उसे अलग जगह पर एक कमरा दिया गया। बताया कि मेरे भाई की शादी नहीं हुई थी। 31 दिसंबर के बाद वह गया जी जिला चला जाता। मामले में एसपी विक्रम सिहाग ने बताया कि मुफ्फसिल थाना अंतर्गत ड्यूटी के दौरान सराय थाना में पदस्थापित पुलिस पदाधिकारी एवं पुलिस कर्मियों द्वारा की जा रही कार्रवाई के क्रम में एक संदिग्ध गाड़ी का पीछा किया जा रहा था। कोहरा होने के कारण संदिग्ध गाड़ी भागने में सफल रही। इसके बाद टीम ग्राम छोटपुर में जाकिर साईं के घर के समीप गाड़ी को मोड़ रही थी तभी एक तेज रफ्तार वाहन ने जवान को धक्का मार दिया और चालक फरार हो गया। अज्ञात वाहन की पहचान की जा रही है। उक्त गाड़ी में शराब तस्कर थे या नहीं यह गिरफ्तारी के बाद ही स्पष्ट हो पाएगा।

## नगर परिषद समीप से बाइक चोरी

**सिवान।** नगर थाना क्षेत्र के नगर परिषद समीप से शुक्रवार की संध्या एक बाइक की चोरी हो गई। इस संबंध में मुफस्सिल थाना क्षेत्र के खुर्माबाद निवासी कुमार सौरभ उर्फ सोनल दुबे ने नगर थाना में आवेदन देकर प्राथमिकी कराई है। बताया कि वह अपनी बाइक खड़ी कर एक दुकान में गए हुए थे तभी अज्ञात तीन चोरों ने बाइक की चोरी कर ली।

## बिहार में अभय ब्रिगेड का गठन, अभया ब्रिगेड संभालेगी महिलाओं की सुरक्षा की कमान



**दैनिक खोज खबर/रसूलपुर (एकमा)।** महिलाओं और खासकर स्कूल-कॉलेज जाने वाली छात्राओं की सुरक्षा को प्राथमिकता देते हुए जिले के सभी थानों में विशेष टीम अभया ब्रिगेड का गठन किया गया है. शुक्रवार से इसकी औपचारिक शुरुआत भी कर दी गई, जिसके बाद टीम ने थाना क्षेत्र के विभिन्न शिक्षण संस्थानों में पहुंचकर छात्राओं को सुरक्षा उपायों के प्रति जागरूक किया. रसूलपुर थानाध्यक्ष राहुल कुमार श्रीवास्तव व थाने की दरोगा पु0अ0नि0 स्मृति प्रिया के नेतृत्व में अलग-अलग जगहों व विद्यालयों में छात्राओं व महिलाओं के बीच जाकर अभियान चलाया. बता दें कि अभया ब्रिगेड की नई संरचना के तहत प्रत्येक थाना क्षेत्र में एक-एक टीम गठित की गई है. रसूलपुर थानान्तर्गत टीम की जिम्मेदारी महिला एसआई पुअनि स्मृति प्रिया को सौंपी गई है, जबकि महिला सिपाही पूजा कुमारी और दो पुरुष सिपाही मुन्ना कुमार और चन्द्र दीप कुमार टीम के साथ होंगे.

